# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।

पत्रांक 2947/33-1/दिनांक, हमीरपुर, जून 08 ,2023.

सेवा में,

वन सरंक्षक,
चित्रकूटधाम वृत्त,
उ0प्र0 बांदा।

विषयः– विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित उत्तर प्रदेश कोर रोड नेटवर्क विकास परियोजना के तहत हमीरपुर–राठ–गरौठा–गुरसराय–झांसी राज्य राजमार्ग–42 के राठ बाईपास (हमीरपुर जनपद) से गरौठा (झांसी जनपद) (मिसिंग लिंक–किमी 74.550 से किमी 110.360) तक के उच्चीकरण निर्माण कार्य हेतु जनपद हमीरपुर में प्रभावित 4.068 हे0 आरक्षित एवं 1.0684 हे0 संरक्षित वनभूमि कुल 5.1364 हे0 वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 327 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में। प्रस्ताव संख्या–FP/UP/Road/117342/2020.

**सन्दर्भः**–भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक–8बी/यू0पी0/06/15/2023/एफ0सी0/928 दिनांक 27.02.2023 एवं मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक–2833/11–सी–FP/UP/Road /117342 /2020/ दिनांक 02.03.2023.

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में उपरोक्त विषयक प्रस्ताव में लगायी गयी आपत्तियों का निराकरण कर निम्न प्रकार आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

| क्र0 सं0 | आपत्तियां | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | As per the DSS and SOI toposeet, the demarcation of forest area proposed for diversion is undervalued. Some parts of the Reserve Forest area in the kml file are demarcated as Non forest. This needs rectification/clarification. | मार्ग संरेखण के अनुसार विभिन्न स्थान पर वनभूमि टुकड़ों में प्रभावित हो रही है तथा बीच–बीच में गैर वनभूमि भी प्रभावित है। मार्ग निर्माण में प्रभावित होने वाली कुल आरक्षित वनभूमि 4.068 हे0 ही है, प्रभावित होने वाला सम्पूर्ण आरक्षित वनभूमि आगणित की गयी है। इससे सम्बन्धित संशोधित के0एम0एल0, जी0आई0एस0 मैप तथा टोपोशीट ऑन लाइन अपलोड कर दी गयी है तथा जी0आई0एस0 मैप एवं टोपोशीट संलग्न है। **(संलग्नक–1)** |
| 2 | As per the DSS and SOI toposeet, the proposed NFL CA land polygon falls under the Kuchhechha R.F. and durkhuru R.F. area. This needs rectification /clarification. | क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु वनसीमा के बाहर गैर वनभूमि का चयन कर संशोधित पुनर्ग्रहण आदेश, जी0आई0एस0 मैप, टोपोशीट, भूमि उपयुक्तता प्रमाण पत्र तथा राजस्व विभाग एवं वन विभाग का संयुक्त प्रमाण पत्र (बी0आई0पी0) ऑन लाइन अपलोड कर, संलग्न है। **(संलग्नक–2.1)** |
| 3 | As per part-II of the proposal, total no. of trees proposed for felling is 2454 trees but in the State Govt. forwarding letter, it is mentioned as 2554 trees. This needs rectification/clarification. | मार्ग संरेखण के अनुसार किये गये संयुक्त निरीक्षण के अनुसार प्रभावित वृक्षों की संख्या 327 है। जैसा कि प्रस्ताव के साथ प्रेषित किया गया है। |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | NOC from irrigation dept. needs to be submitted since the proposed diverted route is crossing the river. | प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा अवगत कराया गया है कि धसान नदी पर निर्मित पुल सिंचाई विभाग से सम्बन्धित नही है। अतः सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नही है। |
| 5 | It is not clear from the proposed that what is the status of widening before and what is after proposed alignment. | प्रयोक्ता एजेंसी से प्राप्त वॉछित अभिलेख प्रमाणित कर संलग्न है। **(संलग्नक–3)** |
| 6 | Detailed muck calculation and muck disposal scheme as approved by concerned DFO needs to be submitted. | प्रयोक्ता एजेंसी से प्राप्त वॉछित अभिलेख प्रमाणित कर संलग्न है। **(संलग्नक–4)** |
| 7 | Details of existing ROW proposed ROW and land width (ROW) availability for road side plantation needs to be submitted and accordingly plantation scheme for road side plantation needs to be submitted. | प्रयोक्ता एजेंसी से प्राप्त वॉछित अभिलेख प्रमाणित कर संलग्न है। **(संलग्नक–5)** |

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(उमेश चन्द राय)
प्रभागीय वनाधिकारी,
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।

**पृष्ठांकन संख्या........................../अ/समदिनांकित।**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य वन सरंक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. मुख्य वन संरक्षक, बुन्देलखण्ड जोन उ0प्र0 झॉसी को सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियन्ता, विश्व बैंक खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर।
4. अधिशाषी अभियन्ता, विश्व बैंक खण्ड, लो0नि0वि0 कानपुर को इस आशय से प्रेषित है कि अपने प्रतिनिधि को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे इस कार्यालय से समस्त अभिलेख प्राप्तकर संशोधित पी0डी0एफ0 फाइल सहित वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त बॉदा को प्राप्त कराकर प्रस्ताव ऑन लाइन अग्रेसित कराना सुनिश्चित करें।

(उमेश चन्द राय)
प्रभागीय वनाधिकारी,
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।